# अशोक: एक अनोखा सम्राट जिसने युद्ध का त्याग किया

**पाठ्यपुस्तक के आंतरिक प्रश्न**

**1. उन देशों के नाम बताओ जहाँ अशोक के अभिलेख मिले हैं। भारत के कौन-से राज्य मौर्य साम्राज्य से बाहर थे? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-76)**
**उत्तर :**
**(क) जिन देशों में अशोक के अभिलेख मिले हैं**

1. भारत
2. अफगानिस्तान
3. पाकिस्तान

**(ख) भारत के निम्नलिखित राज्य मौर्य साम्राज्य से बाहर थे**

1. सिक्किम
2. नागालैंड
3. मेघालय
4. असम
5. त्रिपुरा

**2. राजा द्वारा खाना खाने के पहले खास नौकर उस खाने को क्यों चखते थे? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-78)**
**उत्तर :** राजा को हमेशा इस बात का डर रहता था कि कहीं कोई उनकी हत्या करने की कोशिश न करें। इसलिए राजा के खाना खाने के पहले खास नौकर उस खाने को चखता था।


**3. पाटलिपुत्र मोहनजोदड़ो से किस तरह भिन्न था? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-78)**
**उत्तर : पाटलिपुत्र और मोहनजोदड़ो में अंतर**

| पाटलिपुत्र | मोहनजोदड़ो |
|---|---|
| (*i*) पाटलिपुत्र में घर लकड़ी या कच्ची ईंटों से बने होते थे। | (*i*) मोहनजोदड़ो में घर पक्की ईंटों के बने होते थे। |
| (*ii*) पाटलिपुत्र में घर दो या तीन मंजिल वाले वाले होते थे। | (*i*) मोहनजोदड़ो में घर एक या दो मंजिल होते थे। |
| (*iii*) पाटलिपुत्र नगर एक विशाल दीवार से घिरा था जिसमें 570 बुर्ज और 64 द्वार थे। | (*iii*) मोहनजोदड़ो नगर दो हिस्से में बाँटा हुआ था और दोनों के हिस्से अलग-अलग दीवारों से घिरे हुए थे। |

**4. कलिंग की लड़ाई से युद्ध को लेकर अशोक के विचारों में कैसे परिवर्तन हुआ? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक पेज-79)**
**उत्तर :** कलिंग की लड़ाई में करीब 1 लाख से भी ज्यादा लोग मारे गए। लगभग डेढ़ लाख लोग बंदी बना लिए गए। जिनके सगे-संबंधी उनकी मौत पर विलाप कर रहे थे। इससे अशोक का हृदय दु:ख से भर गया। उन्होंने सोचा कि एक देश को जीतने के लिए इतने लोगों का वध करना पड़ता है और जनता अपने मित्रों, सगे-संबंधियों को हमेशा-हमेशा के लिए खो देती है। अशोक ने पश्चाताप के बाद कभी युद्ध न करने का निर्णय लिया और बौद्ध धर्म अपनाकर उसका प्रचार-प्रसार किया।

**अन्यत्र (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक पेज-82)**
मौर्य साम्राज्य के उभरने से थोड़ा पहले लगभग 2400 वर्ष पहले, चीन में सम्राटों ने चीन की दीवार का निर्माण शुरू किया। इसे बनाने का उद्देश्य उत्तरी सीमा की पशुपालक लोगों से रक्षा करना था। अगले 2000 वर्षों तक इस दीवार का निर्माण कार्य चलता रहा, क्योंकि साम्राज्य की सीमाएँ बदलती रहीं। यह दीवार लगभग 6400 किलोमीटर लंबी है तथा पत्थर और ईंट से बनी है। इसकी ऊपरी सतह सड़क जैसी चौड़ी है। इस दीवार को बनाने के लिए हजारों लोगों को काम करना पड़ा। हर 100-200 मीटर की दूरी पर इस पर निगरानी के लिए बुर्ज बने हुए हैं।

**1. पड़ोसी देशों के प्रति अशोक का रवैया चीनी सम्राटों के रवैये से कैसे भिन्न था?**
**उत्तर :** कलिंग के युद्ध के बाद पड़ोसी देशों के प्रति अशोक का व्यवहार मित्रतापूर्ण था और सभी के साथ शांतिपूर्ण संबंध बनाए थे जबकि चीनी सम्राटों का पड़ोसी देशों के प्रति शत्रुतापूर्ण व्यवहार था और वे पड़ोसी देशों के साथ युद्ध करते रहते थे इसलिए उनकी सीमाएँ बदलती रहती थी।



**2. चीन के सम्राटों का 'चीन की दीवार' बनाने का उद्देश्य क्या था?**
**उत्तर :** 'चीन की दीवार' बनाने का उद्देश्य चीन की उत्तरी सीमा की पशुपालक लोगों से रक्षा करना था?

**3. "चीन की दीवार' की विशेषताएँ बताइए।**
**उत्तर :** यह दीवार 6400 किलोमीटर लंबी है तथा पत्थर व ईंट से बनी है। इसकी ऊपरी सतह सड़क जैसी चौडी है। इस दीवार को

बनाने में हजारों लोगों ने 2000 वर्षों तक काम किया था। हर 100-200 मीटर की दूरी पर निगरानी के लिए बुर्ज बनाए गए हैं।

**कल्पना करो**

**तुम कलिंग में रहती हो और तुम्हारे माँ-बाप को युद्ध में काफी दुख उठाने पड़े हैं। अभी-अभी अशोक के दूत धम्म के नए विचारों को लेकर आए हैं। आप अपने माता-पिता और संदेशवाहकों के बीच बातचीत का वर्णन करो।**
**उत्तर :** छात्र स्वयं करें।

## प्रश्न-अभ्यास
## पाठ्यपुस्तक से

**आओ याद करें**

**1. मौर्य साम्राज्य में विभिन्न काम-धंधों में लगे हुए लोगों की सूची बनाओ।**
**उत्तर :**
**मौर्य साम्राज्य में विभिन्न काम-धंधों में लगे लोग**

1. सरकारी अधिकारी
2. कृषक
3. पशुपालक
4. शिल्पकार
5. व्यापारी
6. संदेशवाहक
7. जासूस
8. फल-फूल संग्राहक
9. शिकारी।

**2. रिक्त स्थानों को भरो :**
**(क)** जहाँ पर सम्राटों का सीधा शासन था वहाँ अधिकारी **..............................** वसूलते थे।
**(ख)** राजकुमारों को अकसर प्रांतों में **..............................** के रूप में भेजा जाता था।
**(ग)** मौर्य शासक आवागमन के लिए महत्त्वपूर्ण **..............................** और **..............................** पर नियंत्रण रखने का प्रयास करते थे।
**(घ)** प्रदेशों में रहने वाले लोग मौर्य अधिकारियों को **..............................** दिया करते थे।
**उत्तर :**
**(क)** कर
**(ख)** गवर्नर (राज्यपाल)
**(ग)** मार्गों, नदियों
**(घ)** नजराना।

**3. बताओ कि निम्नलिखित वाक्य सही हैं या गलत**
**(क)** उज्जैन उत्तर-पश्चिम की तरफ़ आवागमन के मार्ग पर था।

**(ख)** आधुनिक पाकिस्तान और अफ़गानिस्तान के इलाके मौर्य साम्राज्य के अंदर थे।
**(ग)** चन्द्रगुप्त के विचार अर्थशास्त्र में लिखे गए हैं।
**(घ)** कलिंग बंगाल का प्राचीन नाम था।
**(ङ)** अशोक के ज्यादातर अभिलेख ब्राह्मी लिपि में हैं।
**उत्तर :**
**(क)** गलत
**(ख)** सही
**(ग)** गलत
**(घ)** गलत
**(ङ)** सही। आओ चर्चा करें

**4. उन समस्याओं की सूची बनाओ जिनका समाधान अशोक धम्म द्वारा करना चाहता था।**
**उत्तर : धम्म द्वारा दूर की जाने वाली समस्याएँ**

1. अलग-अलग धर्म को मानने वाले लोगों के बीच आपसी टकराव।
2. जानवरों की बलि।
3. दासों और नौकरों के साथ क्रूर व्यवहार।
4. परिवार और पड़ोसियों के बीच के झगड़े।

**5. धम्म के प्रचार के लिए अशोक ने किन साधनों का प्रयोग किया?**
**उत्तर :** अशोक के धम्म प्रचार के साधन

1. धम्म महामात्त की नियुक्ति की।
2. विदेशों में धम्म प्रचारक और प्रतिनिधियों को भेजा।
3. अशोक ने अपने संदेश को कई स्थानों में शिलाओं पर खुदवाए।
4. कुछ अधिकारियों को नियुक्त किया जो राजा के संदेशों को उन लोगों को पढ़कर सुनाते थे, जो खुद

**6. तुम्हारे अनुसार दासों और नौकरों के साथ बुरा व्यवहार क्यों किया जाता होगा? क्या तुम्हें ऐसा लगता | है कि सम्राट के आदेशों से उनकी स्थिति में सुधार हुआ होगा? अपने जवाब के लिए कारण बताओ।**
**उत्तर :**
दासों के साथ बुरा व्यवहार किया जाता था, क्योंकि वे प्रायः युद्धबंदी या खरीदे हुए स्त्री-पुरुष होते थे। इनका | स्थान वर्ण-व्यवस्था में सबसे नीचे होता था। इनकी समस्याओं के निराकरण हेतु कोई भी सामाजिक तथा राजनीतिक संगठन नहीं होता था।

सम्राट अशोक के आदेशों से दासों की स्थिति में अवश्य सुधार आया होगा, क्योंकि धम्म के द्वारा दासों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया गया था।

**आओ करके देखें**

**7. रौशन को यह बताते हुए कि हमारे रुपयों पर शेर क्यों दिखाए गए हैं एक पैराग्राफ लिखो। कम से कम एक और चीज़ का नाम लो जिस पर इन्हीं शेरों के चित्र बने हैं।**
**उत्तर :** हमारे रुपयों पर बने शेरों चित्र का ऐतिहासिक महत्त्व है। सम्राट अशोक के शासनकाल के दौरान चार शेरों | की मूर्ति बनाई

गई और फिर उन्हें सारनाथ में एक विशाल स्तंभ पर स्थापित किया गया। यह चित्र हम रुपयों-सिक्कों के अतिरिक्त भारत सरकार के द्वारा प्रयोग किए जाने वाले सभी दस्तावेजों अंतर्देशीय पत्रों तथा स्टैंप पेपर पर भी देखते हैं।

**8. अगर तुम्हारे पास अपना अभिलेख जारी करने की शक्ति होती तो तुम कौन-सी चार राजाज्ञाएँ देते?**
**उत्तर : निम्नलिखित चार राजाज्ञाएँ देते**

1. किसी विशेष वर्ण के प्रति भेदभाव नहीं किया जाएगा।
2. सभी धर्मों का सम्मान किया जाएगा।
3. सभी को शिक्षा का समान अवसर दिया जाएगा।
4. स्त्रियों को पुरुषों के बराबर का अधिकार प्राप्त होंगे।